# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
# Physical Research Laboratory, Ahmedabad

## <u>हिंदी कार्यशाला- अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही</u>

भारत सरकार, राजभाषा विभाग के नियम एवं अंतरिक्ष विभाग के निदेशानुसार प्रत्येक तिमाही में पीआरएल में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की हिंदी कार्यशाला 04 नवंबर 2025 को 1600 बजे ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई। इस हिंदी कार्यशाला में वक्ता के रूप में श्री के.के. शशिकुमार, प्रधान कार्मिक एवं सामान्य प्रशासन, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाल (पीआरएल), अहमदाबाद ने "सीएचएसएस संबंधी नियमों आदि" के विषय पर कार्यशाला दी। कार्यशाला के प्रारंभ में श्रीमती रुमकी दत्ता, उप-निदेशक (रा.भा.), ने स्वागत वक्तव्य दिया तथा सभी के द्वारा राजभाषा के प्रोत्साहन में योगदान के लिए आभार प्रकट किया। इस हिंदी कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सदस्यों को सीएचएसएस संबंधी महत्वपूर्ण नियमों के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यशाला में कुल 40 सदस्यों को नामित किया गया था।

प्रस्तुति के बाद, एक चर्चात्मक प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसका संचालन श्रीमती हर्षा परमार द्वारा किया गया। माननीय प्रशिक्षक महोदय नें प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों के उत्तर धैर्य पूर्वक दिए।

***कार्यशाला की कुछ झलकियां** Some glimpses of the workshop*




